AMAR UJALA

Page No. 07 (Gzb.) Date 27th Sep 2019

आईटीएस में उत्सव का आगाज

मुरादनगर। आईटीएस कॉलेज में बृहस्पतिवार को दो दिवसीय इंटर आईटीएस फेस्ट 2019 खेल और सांस्कृतिक उत्सव का आगाज हुआ। आईटीएस द एजूकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढ़ा ने हरी झंडी दिखाकर फेस्ट का शुभारंभ किया। पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने डांसिंग, सिंगिंग जैसे कार्यक्रम और खेल प्रतियोगिता में स्प्रिंट रेस, शॉटपुट, रिले रेस, थ्रोबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबाल, बॉस्केटबॉल, खो खो, शतरंज आदि आयोजन हुए।

Dainik Jagran

Page No : III Date: 27th Sep 2019

आइटीएस फेस्ट का शुभारंभ

संस, मुरादनगर : हाईवे स्थित आईटीएस कॉलेज में दो दिवसीय इंटर आइटीएस फेस्ट-2019 खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने कहा कि आइटीएस गाजियाबाद के छात्रों ने विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करके एकेडमिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है।

Hindustan (Hindi)

Page No. 04th (Gzb)

Date 27th Sep 2019

आईटीएस फेस्ट में सांस्कृतिक उत्सव का आगाज

मुरादनगर। आईटीएस कॉलेज में गुरुवार को दो दिवसीय इंटर आईटीएस फेस्ट 2019 खेल और सांस्कृतिक उत्सव का आगाज हुआ। आईटीएस द एजूकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चढडा ने हरी झंडी दिखाकर फेस्ट का शुभारंभ किया। पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्टूडेंटस ने डांसिंग, सिंगिंग, मैड ऐडस, स्किट, वॉर ऑफ बैंड्स, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, ग्रैफिटी, कार्ड मेकिंग, लेमन एंड स्पून रेस, फोटोग्राफी जैसे ऑन स्टेज और ऑफ स्टेज सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

Nav Bharat Times (Hindi)

Page No. 04 (Gzb.) Date. 27th Sep 2019

खेल में दिखाया दमखम

एनबीटी न्यूज, मेरठ रोड : आईटीएस में गुरुवार को दो दिवसीय फेस्ट शुरू हो गया। स्टूडेंट्स ने कार्यक्रम और खेल प्रतियोगिता में दम दिखाया। उद्घाटन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने किया। पहले दिन छात्र-छात्राओं ने डांसिंग, सिंगिग आदि कार्यक्रमों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्प्रिंट रेस, शॉटपुट, रिले रेस, थ्रोबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस आदि खेल प्रतियोगिताओं में सैकड़ों स्टूडेंट्स ने भाग लिया। समारोह के आकर्षण का केंद्र फैशन शो रहा। डीजे जूबी ने डीजे नाइट का आयोजन किया।

निवाण टाइम्स

@NiwantimesInd epaper.niwantimes.com @NiwanTimesInd www.niwantimes.com

वर्ष : 02 | अंक : 239 | गाजियाबाद, शुक्रवार,27 सितम्बर 2019 | पेज : 08 | मूल्य : 03 ₹ | R.N.I. No. UPHIN/2018/75695 | दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, हापुड़ व मेरठ में प्रसारित

आईटीएस में इंटर फेस्ट- 2019 में छात्रों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

निवाण टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। मुरादनगर स्थित आईटीएस कॉलेज में दो दिवसीय इंटर आईटीएस फेस्ट- 2019 खेल और सांस्कृतिक उत्सव का शानदार आगाज हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्नातक तथा स्नातकोत्तर छात्रों ने अपनी सर्वश्रेश्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

संस्थान के वाइस चेयरमैन अर्पित चढ्डा ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि आईटीएस के छात्रों ने विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में शीर्ष स्थान हासिल करके न केवल एकेडमिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है बल्कि प्रत्येक वर्ष सांस्कृतिक और खेल स्पर्धाओं में भी अपनी प्रतिभा साबित की है। उन्होंने इस आयोजन में भाग लेने के लिए और उनके प्रयासों के लिए सभी छात्रों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों द्वारा डांसिंग, सिंगिंग, मैड ऐड्स, स्किट, वॉर ऑफ बैंड्स, इंस्ट्यूमेंटल म्यूजिक, रंगोली, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, ग्रैफिटी, कार्ड मेकिंग, लेमन एंड स्पून रेस, फोटोग्राफी जैसे ऑन स्टेज और ऑफ स्टेज सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य कार्यक्रम फैशन शो था। आईटीएस-द एजूकेशन ग्रुप की लेडी वाइस चेयरमैन लतिका चढ्डा, डॉ. नेहा गुप्ता (मिसिज इंडिया इन्टरनेशनल), जूही स्वर्णकार (मिसिज इंडिया 2019) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं और उन्होंने फैशन शो को भी जज किया। इसके पश्चात शाम में प्रसिद्ध सेलिब्रिटी डीजे जूबी द्वारा डीजे नाइट आयोजित की गई। छात्रों ने रीमिक्स गानों पर जमकर डांस किया।

HINT

आईटीएस में दो दिवसीय खेल और सांस्कृतिक उत्सव की हुई शुरूआत

गाजियाबाद। आईटीएस कॉलेज के में सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में लगभग 2000 से अधिक स्नातक तथा स्नातकोत्तर छात्रों ने अपनी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आईटीएस द ऐजूकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ0 आरपी चढ्डा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चढ्डा ने फेस्ट को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया और उनकी प्रेरणा से दो दिवसीय खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का पहला दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों द्वारा डांसिंग, सिंगिंग, मैड ऐड्स, स्किट, वॉर ऑफ बैंड्स, इंस्ट्यूमेंटल म्यूजिक, रंगोली, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, ग्रैफिटी, कार्ड मेकिंग, लेमन एंड स्पून रेस, फोटोग्राफी जैसे ऑन स्टेज और ऑफ स्टेज सांस्कृतिक कार्यक्रम देखे गये। खेल प्रतियोगिता में स्प्रिंट रेस, शॉटपुट, रिले रेस, थ्रोबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉली बॉल, पुश अप्स, बास्केटबॉल, खो-खो, शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस जैसे दोनो इनडोर और आउटडोर कार्यक्रमों के साथ पावर पैक डे भी था। इस दिन का मुख्य कार्यक्रम फैषन शो था जिसमें वाईस चेयरमैन लतिका चढ्डा, डॉ0 नेहा गुप्ता , जूही स्वर्णकार ने मुख्य अतिथि के रूप मे सहमति व्यक्त की।

इस ग्रुप में मुरादनगर, मोहन नगर और ग्रेटर नोएडा परिसर है जिसमें बीडीएस, एमडीएस, बीपीटी, एमपीटी बीफार्म, डीफार्म, बॉयोटेक्नोलॉजी, एमफार्मा, मैनेजमेंट और इंजीनियरिंग सहित कई प्रकार के पाठ्यक्रम शमिल है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिय सभी प्रतिभागियों ने आईटीएस द ऐजूकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ0 आरपी चढ्डा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चढ्डा को धन्यवाद दिया।